# दुबई व स्पेन की यात्रा खोलेगी विकास के नए द्वार

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साझा किए अपनी विदेश यात्रा के अनुभव, मध्य प्रदेश को 11 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

**भोपाल, 20 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उनकी दुबई और स्पेन की यात्रा मध्यप्रदेश में विकास के नए द्वार खोलेगी. दुबई और स्पेन के निवेशक मध्यप्रदेश में निवेश के लिए उत्साहित हैं.**

इस यात्रा से मध्यप्रदेश को 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं. इससे पूर्व भी जर्मनी, जापान और यूके आदि की यात्रा के दौरान वहां से मध्यप्रदेश में निवेश के लिए बड़े प्रस्ताव प्राप्त हुए थे. मध्यप्रदेश में निरंतर देश-विदेश से आ रहे निवेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में सहायक होंगे. यह अत्यंत आनंद का विषय है कि मध्यप्रदेश वैश्विक निवेश का केंद्र बन रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को दुबई और स्पेन की यात्रा से लौटने पर स्टेट हैंगर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम एवं मीडिया संवाद में यह जानकारी दी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्पेन और दुबई यात्रा में 11 हजार 119 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिससे 14 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार भी प्राप्त होगा.




### पीएम मोदी ने दुबई को बनाया प्रमुख केंद्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की प्रगति के लिए प्रधानमंत्री मोदी अभिनंदन के पात्र हैं. उन्होंने अपने ग्यारह वर्ष के कार्यकाल में सात बार दुबई की यात्रा कर दो तरफा व्यापारिक और औद्योगिक साझेदारी को बढ़ाने का कार्य किया है. दुबई एक लघु विश्व की तरह है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे प्रधानमंत्री जी की नीतियों का अनुसरण करते हुए उद्योग एवं व्यापार वर्ष 2025 में देश-विदेश से निवेश लाने के प्रयास कर रहे हैं. इस क्रम में दुबई और स्पेन की यात्रा महत्वपूर्ण रही. प्रधानमंत्री के संकल्प को पूर्ण करने के लिए इस यात्रा को सार्थक बनाने का प्रयास किया गया. प्रधानमंत्री श्री मोदी का एक-एक निर्णय विश्व में भारत की साख बढ़ाने का कार्य कर रहा है.

### निवेश बढ़ाने के निरंतर प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुबई और स्पेन की यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त निवेश प्रस्तावों की विस्तार से जानकारी दी. प्रदेश में सम्पन्न संभाग स्तरीय उद्योग कॉनक्लेव, भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, दुबई और स्पेन यात्रा के पूर्व इंग्लैंड, जर्मनी और जापान की यात्राओं में नए निवेश के माध्यम से मध्यप्रदेश की समृद्धि के प्रयास किए गए हैं. भारत के प्रमुख नगरों कोलकाता, कोयम्बटूर, सूरत, लुधियाना में भी सेक्टर वाइज बैठकों और संगोष्ठियों के माध्यम से मध्यप्रदेश में उद्योग क्षेत्र में नई इकाईयों की स्थापना के लिए ठोस प्रयास किए गए हैं.

# एम्स परिसर में आसानी से आ-जा सकेंगे दिव्यांगजन

**भोपाल, 20 जुलाई.** राजधानी भोपाल के एम्स परिसर को दोस्त अभियान के तहत दिव्यांगजनों की सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया जा रहा है, ताकि दिव्यांगजन परिसर में आसानी से आवागमन कर सकें.

दोस्त अभियान का शुभारंभ एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रो. अजय सिंह के मार्गदर्शन में 7 नवम्बर 2023 को किया गया था. इस अभियान के अंतर्गत संस्थान के अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, छात्रावासों सहित पूरे परिसर में ढांचागत परिवर्तन किए जा रहे हैं. इस अभियान के पांच चरणों में काम किया जा रहा है – पहले चरण में अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और हॉस्टल भवनों के चिन्हित शौचालयों को दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं के अनुसार उन्नत किया गया है; दूसरे चरण में रैम्प, ग्रैब बार और कार्यस्थलों की स्थापना, तीसरे चरण में दिशात्मक संकेतकों, पार्किंग चिन्हों और ग्राउंड मार्किंग्स, चौथे चरण में पूरे परिसर का एक्सेसिबिलिटी ऑडिट किया जाएगा और पांचवें चरण में ऑडिट की रिपोर्ट के अनुसार पूरे परिसर को दिव्यांगजनों के अनुकूल रूप से अपग्रेड किया जाएगा. अब तक सामान्य क्षेत्र के शौचालयों को अपग्रेड किया जा चुका है, वार्डों के शौचालयों को दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं के अनुसार संशोधित किया गया है. शारीरिक रूप से दिव्यांग एमबीबीएस छात्रों

**▶ दोस्त अभियान के तहत परिसर को किया जाएगा अपग्रेड**

की सुविधा के लिए हॉस्टल में विशेष रैम्प का निर्माण भी किया गया है. ये सभी परिवर्तन सीपीडब्ल्यूडी दिशा-निर्देशों के अनुसार किए गए हैं, अब व्हीलचेयर का उपयोग करने वाले मरीज और छात्र बिना किसी बाधा के अस्पताल, लेक्चर थियेटर, या हॉस्टल में स्वतंत्र रूप से आवागमन कर पा रहे हैं.

## एक नजर में



### कार्यकारी जिलाध्यक्ष का स्वागत

**बैरसिया.** महिला कांग्रेस की भोपाल जिला (ग्रामीण) कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर बैरसिया क्षेत्र की कांग्रेसी महिला नेत्री राजकुमारी केवट का शनिवार शाम को उनके निवास पर कांग्रेस नेताओं ने स्वागत किया. इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा के महामंत्री लक्ष्मीनारायण बघेल अरवलिया, जिला महामंत्री गोविंद प्रसाद चौबे (खमतला) एवं शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेरखेड़ी निवासी निरंजन सिह बघेल जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर, मिठाइयां खिलाकर उन्हें बधाइयां दीं. कांग्रेस संगठन का आभार व्यक्त किया. इसके बाद विदिशा जिले के तीनों पदाधिकारियों ने नवनियुक्त महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष से संगठात्मक विस्तार एवं मजबूती पर करीब एक घण्टे चर्चा की. बता दें राजकुमारी केवट पूर्व में प्रदेश एवं जिला महिला कांग्रेस संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर रहकर महिला उत्पीड़न एव अत्याचार से जुड़ी कई समस्याओं को लेकर बड़े धरना प्रदर्शन और आंदोलन कर चुकी हैं.




### श्री हिंदू उत्सव समिति की बैठक हुई

**भोपाल./** श्री हिन्दू उत्सव समितीति भोपालकी बैठक आजाद मार्केट स्थित अध्यक्ष कार्यालय में हुई. बैठक में 5 फरवरी 2023 से 31 मार्च 2025 तक आय-व्यय एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन समिति कोषाध्यक्ष कैलाश साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया. इस अवसर पर एडवोकेट पी.सी.कोठारी को अध्यक्ष संतोष साहू और महामंत्री शरण खटीक, समाजसेवी प्रमोद नेमा, ईशदयाल शर्मा, अरुण अग्रवाल, भगवान दास ढालिया, देवेंद्र सिंह बना, दिलीप गुप्ता,विनोद साहू, घनश्याम दास गुप्ता, और कमेटी द्वारा आगामी 2025-2027 द्विवर्षीय निर्वाचन हेतु मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया, जिसका उपस्थित सदस्यों, पदाधिकारियों ने स्वागत किया.

### आंदोलन के लिए महिलाओं की बनी नई कमेटी

**भोपाल.** ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन ने अवैध बताकर बस्तियों को तोड़ने, महिलाओं और बच्चियों पर बढ़ते अपराधों के साथ स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन के लिए नई कमेटी का गठन किया है, जिसमें जिला अध्यक्ष रितु श्रीवास्तव, जिला सचिव आरती शर्मा, सह सचिव किरण सेन व सलोनी शर्मा को बनाया गया है. कोषाध्यक्ष पूजा जायसवाल व ऑफिस सचिव की जिम्मेदारी मनीषा आयाम को सौंपी गई है.

# नृत्य से बताई भगवान के अवतारों की कथा

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 जुलाई.** रविवार शाम लिटिल बैले ट्रूप में दशावतार नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में नृत्य नाटक के माध्यम से भारतीय शास्त्रों में वर्णित दस अवतारों की प्रस्तुति दी गई. राम प्रकाश बताया कि शास्त्रों के अनुसार भगवान राम और कृष्ण सहित नौ देव पृथ्वी पर

**▶ लिटिल बैले ट्रूप में दशावतार की प्रस्तुति**

अवतरित हो चुके हैं और दसवें अवतार कल्कि की भारतभूमि को प्रतीक्षा है.

इस दश अवतारों पर आधारित हो यह नृत्य नाटक की प्रस्तुति लिटिल बैले ट्रूप संस्थान द्वारा दी जा रही है, जिसमें कई शैलियों की मुद्राओं को लेकर एक बैले ट्रूप बनाया गया है. उन्होंने बताया कि कलारूप को बुनियादी संरक्षण देने के लिए इन कार्यक्रमों का आयोजन समय समय पर किया जाता है, जिससे लोगों में ऐसी दुर्लभ शैलियों के नृत्य नाटक को जीवित रख आगे बढ़ाया जा सके. दशावतार नृत्य नाटक की प्रस्तुतीकरण का प्रारंभ दीप प्रज्वलन कर शुरू किया गया. नाटक के कलाकारों ने उत्कृष्ट नृत्य शैलियों के माध्यम से सभी अवतारों की कथाओं का वर्णन किया. राम प्रकाश ने बताया कि एल बी टी मात्र एक ऐसा संस्थान है जो 1952 से लगातार दुर्लभ शैलियों के नाटक और नृत्य शैलियों को संरक्षित करने का काम कर रहा है. जिसे भारत सरकार ने भी सराहा है. दशावतार का निर्देशन, परिकल्पना और कोरियोग्राफी बिंदु जुनेजा फ़गरे द्वारा की गई. संगीत की बागडोर अभय फ़गरे ने संभाली. मंच पर मूलकथा वाचक जयदेव कृत, पार्श्व कथा स्वर रामप्रकाश और हिंदी अनुवाद का कार्य अजीत त्रिवेदी द्वारा किया गया. कार्यक्रम आयोजन निरूपा जोशी महासचिव रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप द्वारा किया गया.



## झूले में विराजित होंगे बाबा बटेश्वर

**भोपाल, 20 जुलाई.** श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा श्रावण मास के द्वितीय सोमवार पर राजसी श्रृंगार कर मां गौरा के साथ बाबा बटेश्वर को झूला झुलाया जाएगा. मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि प्रात:काल रुद्राभिषेक, दोपहर होशंगाबाद से कांवड़ियों द्वारा लाए गए नर्मदा जल से अभिषेक एवं शाम को जरी, कपड़ा, गोटा, कांच एवं फूलों से सजे गर्भगृह में बाबा बटेश्वर के साथ मां गौरा का राजसी स्वरूप में श्रृंगार कर झूले में विराजित कर रात्रि 9 बजे महाआरती की जाएगी. मुक्तेश्वर महाकाल का होगा रुद्राभिषेक:- इधर, शिव श्रृंगार उत्सव समिति के संयोजक आशुतोष पुरोहित ने बताया कि छोला विश्राम घाट स्थित मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में दूसरे सावन सोमवार के उपलक्ष्य में ब्रह्ममुहूर्त में बाबा महाकाल का रुद्राभिषेक किया जाएगा. शाम 4 बजे राजाधिराज मुक्तेश्वर महाकाल नगर भ्रमण पर निकलेंगे.

# पैडल बोट के बजाए चलती मिली मोटर बोट

## करिश्मा पार्क में निगम की बड़ी कार्रवाई, रेस्टोरेंट-कैफे हटाए

**भोपाल, 20 जुलाई.** शहर के छोटा तालाब स्थित करिश्मा पार्क में रविवार को नगर निगम अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए यहां अवैध रूप से संचालित रेस्टोरेंट और कैफे को सख्ती से हटा दिया. वहीं, कुछ बोट भी जब्त की. यहां पर नगर निगम प्रशासन ने पैडल

**▶ झील प्रकोष्ठ की टीम ने किया था निरीक्षण**

और चप्पू बोट चलाने की परमिशन दी थी, लेकिन मोटर बोट चलाई जा रही थी, जो कि प्रतिबंधित है.

करिश्मा पार्क एवं छोटे तालाब किनारे रामसर साइट पर अवैध रूप से संचालित रेस्टोरेंट एवं कैफे के अतिक्रमण को पूरी तरह से हटाने की कार्रवाई की गई. यहां से मोटर बोट, टेबल, बेंच, गुमटी और अन्य सामग्री जब्त की गई. नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण के निर्देश के बाद झील संरक्षण प्रकोष्ठ की टीम ने छोटे तालाब और करिश्मा पार्क का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान पाया कि छोटे तालाब में करिश्मा पार्क से पैडल बोट एवं चप्पू बोट संचालन की अनुमति जहांगीराबाद निवासी मोहम्मद बिलाल एवं करण यादव को दी गई थी, लेकिन बोट संचालकों द्वारा अनुमति के विपरीत प्रतिबंधित मोटर बोट का संचालन भी किया जा रहा था.



करिश्मा पार्क में अतिक्रमण कर रेस्टोरेंट व रामसर साइट पर लगी टेबल, बेंच पर कैफे का संचालन भी बिना अनुमति के पाया गया. निगम के दल को यह भी जानकारी मिली कि रेस्टोरेंट एवं कैफे का संचालन देर रात तक किया जा रहा है. जिस पर कार्रवाई करते हुए निगम प्रशासन ने मोहम्मद बिलाल एवं करण यादव निवासी जहांगीराबाद को दी गई बोट संचालन की अनुमति शनिवार, 19 जुलाई को निरस्त कर दी. वहीं, रविवार को कार्रवाई करते हुए करिश्मा पार्क में अवैध रूप से संचालित रेस्टोरेंट का अतिक्रमण भी पूरी तरह से हटा दिया. निगम ने कार्रवाई करने के बाद निर्णय लिया कि करिश्मा पार्क सुबह 6 से शाम 7 बजे तक आम लोगों के लिए संरक्षित रहेगा. अब लोग यहां घूम सकेंगे.

# हेमंत खंडेलवाल का पटवारी पर पलटवार




**बैतूल,20 जुलाई.** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को बैतूल दौरे के दौरान पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के बयान पर करारा जवाब दिया.

खंडेलवाल ने कहा कि जीतू पटवारी ने बीजेपी सरकार को भ्रष्टाचार में तीसरे नंबर पर बताया, लेकिन उन्हें यह भी बताना चाहिए कि कमलनाथ सरकार में ट्रांसफर-पोस्टिंग का क्या हाल था और जनता ने उनकी सरकार को सत्ता से बाहर क्यों किया. प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने यह बयान बैतूल में नवनिर्मित तहसील भवन और अन्य विकास कार्यों के उद्घाटन के मौके पर दिया.

इस कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके भी मौजूद रहे.

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के प्रशासन में सुचिता वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए खंडेलवाल ने कहा कि उमा हमारी वरिष्ठ नेता हैं. मैं उनसे बात करूंगा. सत्ता और प्रशासन में पारदर्शिता होनी ही चाहिए और हम उसी दिशा में काम कर रहे हैं. खंडेलवाल के इस बयान से साफ है कि आने वाले समय में भाजपा विपक्ष के आरोपों का खुलकर जवाब देने के साथ-साथ अपने कामकाज को लेकर आक्रामक ढंग से जनता के बीच जाएगी.


## कार्यालय अधीक्षक सब जेल नसरुल्लांगज, जिला सीहोर
ई-मेल आईडी : jsnasrullahganj@mp.gov.in

क्रमांक 580/निविदा/2025 — नसरुल्लागंज, दिनांक 16/7/2025

### ई-टेंडरिंग निविदा सूचना
#### वर्ष 2025-2026 (तृतीय आमंत्रण)

म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 के अंतर्गत सब जेल नसरुल्लागंज में परिरुद्ध बंदियों हेतु वर्ष 2025-2026 में लगने वाली स्वच्छता सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के क्रय हेतु निविदाएं ई-टेंडरिंग पद्धति (online system) के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं. समस्त जानकारी वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग की तिथि | दिनांक 10/6/2025 को समय प्रात: 12 बजे | कार्यालय सब जेल नसरुल्लागंज पर नियत समय पर होगी. |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य 1000 रुपए प्रति फार्म राशि ऑनलाइन महालेखाकार ग्वालियर म.प्र. शीर्ष 0056, जेलें-800 अन्य प्राप्तियां में जमा की जावेंगी, यदि निविदा की कुल रकम 5 .00 लाख से कम हो तो निविदा फार्म क्रय की राशि 500/- प्रति फार्म देय होगी. | दिनांक 4/8/2025 समय दोपहर 12 बजे तक | वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है. |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 4/8/2025 समय दोपहर 2 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन स्वीकार की जावेगी. |
| 4. | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 4/8/2025 को शाम 5 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल नसरुल्लागंज पर जमा करें. |
| 5. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) खोलने की ऑनलाइन तिथि एवं नमूना परीक्षण की तिथि | दिनांक 4/8/2025 को समय दोपहर 12 बजे | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल नसरुल्लागंज में तकनीकी निविदा खोलने की कार्यवाही की जावेगी. |
| 6. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 5/8/2025 को समय दोपहर 12 बजे | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल नसरुल्लागंज पर वित्तीय निविदा खोलने की कार्यवाही की जावेगी. |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (online system) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किए जा सकते हैं. निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें. निविदा के संबंध में किया जाने वाला कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाइट पर किया जावेगा. जिसका प्रकाशन पृथक से समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा.

सहायक जेल अधीक्षक
सब जेल नसरुल्लागंज, जिला सीहोर

G15925/25



## कब्जे की सूचना - (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था। उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहा है, इसलिए उधारकर्ता और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से कोई लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से कोई भी लेन-देन आईआईएफएल एचएफएल के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि के साथ ब्याज के साथ है। "उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "आईआईएफएल एचएफएल" के बकाया को सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों के साथ चुका देता है, तो सुरक्षित संपत्ति "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेची या हस्तांतरित नहीं की जाएगी और सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री रघुनन्दन शर्मा, श्री बृजनंदन शर्मा श्रीमती दुगाबाई बैरागी (संभावना सं. आईएल10744893) | खसरा संख्या 224, फोन 188, ग्राम गेहुरास बुजुर्ग, तहसील जस्सीनगर, जिला सागर, मध्य प्रदेश, भारत, 470051 का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल: 900.00, 900.00। | रु.454069/- (चार लाख चौवन हजार उनहत्तर मात्र) | 20/03/2025 | 15/07/2025 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय: 249, द इनफिनिटी, प्रथम तल, एम.पी. नगर जोन II, तुलसी होटल के पास, भोपाल-462011 या कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट संख्या 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थान: सागर,
दिनांक: 21-07-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।


# हाई स्कूल गढ़ा कला में साइकिल वितरण

**बैरसिया, 20 जुलाई. बैरसिया विकास खंड के शासकीय हाई स्कूल गढ़ा कला में गत दिनों जिला पंचायत अध्यक्ष रामकंवर नवरंग सिंह गुर्जर द्वारा स्कूल की छात्राओं को साइकिल वितरित की गई.**

स्कूल के प्राचार्य मोहन सिंह सोलंकी ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों में जनपद सदस्य हकरोज बाई ज्ञान सिंह गुर्जर, सरपंच कलाबाई समंदर सिंह गुर्जर उपस्थित थे. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामकंवर गुर्जर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ऐसे मजरे टोलों जिनकी स्कूल से 2 किलोमीटर दूरी या इससे अधिक है. ऐसी सभी पात्र छात्राओं को निशुल्क साईकिल और पाठ्य पुस्तकें तथा छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है. ताकि बच्चियां शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन सकें. इस अवसर पर कक्षा 6 से कक्षा 9 तक की 17 से अधिक पात्र छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल दी गई. इस अवसर पर माध्यमिक शाला बरखेड़ी देव के प्रभारी शिक्षक राजेश भदौरिया, माध्यमिक शाला गढ़ाकला के प्रभारी हरेंद्र सिंह, रामराज सिंह सोलंकी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित गणमान्य नागरिक और पालकों ने जनप्रतिनिधियों और स्कूली स्टॉफ के साथ शाला परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया.

